



नवभारत
भोपाल, सोमवार 16 मार्च, 2026


**एक नजर में**

### शादी समारोह में जा रहे सरपंच की कार और पिकअप टकराए

**गुना।** नेशनल हाईवे 46 स्थित टोडी गांव के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक कार और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जबकि कार पास की खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी सामने आई है कि रविवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच बालाभेंट गांव के सरपंच अपने पिता और भाइयों के साथ कार में सवार होकर राघौगढ़ क्षेत्र में आयोजित जिला अध्यक्ष अरविंद धाकड़ के यहां आयोजित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने निकले थे। इसी दौरान रुठियाई की ओर से शटरिंग का सामान भरकर चोराखेड़ी जा रही एक पिकअप से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त पिकअप में चौड़ाखेड़ी निवासी संतोष सहरिया और एक अन्य युवक के साथ ड्राइवर सवार था। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए रवाना किया गया। पिकअप ड्राइवर को गंभीर चोटें आने के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं संतोष सहरिया और सरपंच के परिवार के सदस्यों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, वर्तमान में सभी घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गुना नगरपालिका की राजनीति से ज्योतिरादित्य सिंधिया अंजान!

## प्रस्ताव गिर रहे, पार्षद निलंबित हो रहे, सिंधिया को पता तक नहीं

नवभारत न्यूज

**गुना 15 मार्च का। बीते 4 साल से राजनीति का अखाड़ा बनी गुना नगरपालिका में किस तरह तांडव मचा हुआ है, इस बारे में शहर का बच्चा-बच्चा भली-भांति परिचित है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि गुना सहित तीन जिलों की 8 विधानसभा क्षेत्र को अपना परिवार बताने और समझाने वाले केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया नगरपालिका गुना में आने दिए मचने वाले भूचाल से पूरी तरह अंजान है।**



दरअसल, गुना जिले के तीन दिनी दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शनिवार देर रात कलेक्ट्रेट में एक प्रशासनिक बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू थे। कुछ वयोवृद्ध पत्रकारों ने सिंधिया को नगरपालिका में मचने वाले घमासान के बारे में पूछा तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी तक नहीं है।

यहां तक कि पत्रकारों ने स्पष्ट बताया कि गुना नगरपालिका में भाजपा समर्थित अध्यक्ष और पार्षदों का बहुमत होने के बावजूद आए दिन प्रस्ताव ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो जाते हैं। इतना ही नहीं अनुशासनहीनता के चलते पार्षदों को पार्टी से निलंबित तक किया जा चुका है।

लेकिन सिंधिया ने इस बारे में जानकारी होने से इंकार कर दिया। उनके जवाब से पत्रकार वार्ता में मौजूद पत्रकार भी हैरान रह गए और एक-दूसरे का मुंह तांकने लगे। अपने तीन दिवसीय दौरे पर गुना पहुंचे केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार देर रात कलेक्ट्रेट में पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास से लेकर प्रशासनिक तालमेल तक के मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। सिंधिया ने स्पष्ट किया कि विकास की राह में बाधा बनने वाली विसंगतियों पर अब कठोर निर्णय लिए जाएंगे। शहर की बहुप्रतीक्षित यातायात नगर, रिंग रोड और माल गोदाम के मुद्दे पर सिंधिया ने कहा कि इन परियोजनाओं में देरी के पीछे कई बड़े रहस्य हैं। उन्होंने संकेत दिया कि उनके पास धीरे-धीरे गड़बड़ियों की सूची आ रही है और आने वाले समय में वे इस पर कठिन निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे।



माल गोदाम को महूगढ़ा शिफ्ट करने के सवाल पर उन्होंने बताया कि मामला रेलवे के संज्ञान में लाया जा चुका है और इस पर तेजी से कार्रवाई की उम्मीद है।

### शिविर में लगेगा बड़ा स्वास्थ्य शिविर

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बड़ी घोषणा करते हुए सिंधिया ने बताया कि शिवपुरी में सेना की तर्ज पर एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर 8 दिनों तक चलेगा। शिविर में लगभग 25 हजार ओपीडी का लक्ष्य रखा गया है। सिंधिया ने गुना जिला प्रशासन को आदेशित किया है कि गुना जिले के मरीजों को भी इस शिविर का पूरा लाभ दिलाया जाए। जिले में कृषि और सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने बताया कि कई गांवों में बांधों का निर्माण प्रस्तावित है। निवाड़ी, पन्हेटी और ग्वाल टोरिया जैसे क्षेत्रों में बांध बनने से हजारों हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी, जिससे स्थानीय किसानों की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आएगा।

## बच्ची का हाथ पकड़कर लगवाई वैक्सीन जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

अपने संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन रविवार को केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया म्याना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जहां एक ओर शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सुविधाओं और जन-समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया। दौरे की शुरूआत में सिंधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष के निवास पहुंचे और उनके माता-पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने के.के. भार्गव के घर पहुंचकर भी अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सिंधिया ने नवनिर्मित जिला प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिंधिया ने म्याना के नवनिर्मित 30 बिस्तरों वाले अस्पताल का गहन निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान वहां 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए टीकाकरण अभियान चल रहा था। निरीक्षण के बीच जब एक बालिका वैक्सीन के डर से रोने लगी, तो सिंधिया ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे पुचकारा और हिम्मत दी। उन्होंने स्वयं उस बालिका का हाथ पकड़कर उसे शांत कराया और वैक्सीन लगवाई। उनके इस सहयोगात्मक व्यवहार की वहां मौजूद नागरिकों ने काफी सराहना की। अस्पताल के निरीक्षण के पश्चात केंद्रीय मंत्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां विशाल जन-समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। सिंधिया ने मंच से उतरकर नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही निराकरण कराया, जबकि अन्य गंभीर शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को समय-सीमा तय कर निर्देशित किया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व पंचायत मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। सिंधिया ने कलेक्टरऔर एसपी को भी क्षेत्र की व्यवस्थाओं और सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए।

## विजयवर्गीय समाज ने मनाया होली मिलन समारोह




**गुना।** स्थानीय होटल में विजयवर्गीय समाज द्वारा 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन अत्यंत धूमधाम और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने सहभागिता कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। समाज के वरिष्ठ डॉ. अनिल विजयवर्गीय, अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय, सचिव महेंद्र विजयवर्गीय और कोषाध्यक्ष संजय विजयवर्गीय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूजन के पश्चात समाज के पदाधिकारियों, महिला मंडल की सदस्यों और वरिष्ठजनों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मधुर गीतों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने समारोह में उत्साह का संचार कर दिया। समाज के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा, होली का यह पर्व केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज की आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे को सुदृढ़ करने का माध्यम है।

ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## बमोरी में 5 बीघा के गेहूं जलकर खाक, किसान का लाखों का नुकसान

नवभारत न्यूज

**गुना।** बमोरी तहसील की ग्राम पंचायत भिडरा के नयागांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां शॉर्ट सर्किट की वजह से एक किसान की मेहनत चंद पलों में राख हो गई। खेत में काटकर रखी गई गेहूं की पूरी फसल जल जाने से किसान परिवार को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। दरअसल, नयागांव निवासी किसान रामपाल यादव और रामकृष्ण यादव ने अपने 5 बीघा खेत की गेहूं की फसल कटवाकर उसे एक जगह इकट्ठा किया था। फसल सुरक्षित घर ले जाने की तैयारी के बीच किसान जब खेत से घर गए, तभी अचानक वहां आग लग गई। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन निकली हुई है, जिसमें शॉर्ट सर्किट होने के कारण निकली चिंगारी सीधे फसल के ढेर पर जा गिरी। सूखी फसल होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं का गुबार देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया गया, लेकिन तब तक 5 बीघा की पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। पीड़ित किसानों ने बताया कि इस आगजनी में उनका लाखों रुपए का गेहूं बर्बाद हो गया है, जो उनकी साल भर की मेहनत की कमाई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में आर्थिक संबल मिल सके।



## उपभोक्ता दिवस : शोषण के विरुद्ध अधिकारों का उपयोग करें उपभोक्ता

**गुना।** विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को म्याना में एक भव्य प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाजार में होने वाले शोषण के विरुद्ध सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं और उपभोक्ता संरक्षण के नियमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान खाद्य विभाग द्वारा आयोजित सत्र में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पांच आदिवासी समुदाय की महिलाओं को निःशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किए। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डे ने जानकारी दी कि जिले के समस्त आदिवासी परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुना जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग गैस एजेंसियों पर दर्ज है, उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से घर पर ही सिलेंडर पहुँचाने की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर आशीष कुमार चतुर्वेदी, शिवराम सिंह कुशवाह, वर्षा बडोनिया (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी), विक्की, ब्रज नारायण, ब्रजेश बाबू और गंगाराम सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी के माध्यम से नागरिकों ने अपने अधिकारों को समझा और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। खाद्य विभाग ने उपभोक्ता सेवा केंद्र' के माध्यम से शिकायतों के समाधान के लिए विशेष पहल की। इसमें नवीन पात्रता पर्ची, नाम सुधार, नाम जोड़ने या हटाने, राशन मिलने में समस्या, गैस रिफिलिंग और किसान पंजीयन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई और समस्याओं का निराकरण किया गया। अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि यदि कानूनी तरीके से खरीदारी करने के बाद भी उपभोक्ता ठगा जाता है, तो प्रशासन उसकी मदद करेगा।



### विभागीय स्टॉलों के माध्यम से जागरूकता

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन ने मानकों, लेवलिंग और त्रुटिपूर्ण व्यापार पर दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सेल्स ऑफिसर मनोज शर्मा ने मिलावट की पहचान और फाइबर एलपीजी सिलेंडर की खूबियों से अवगत कराया। तौल कांटों के सत्यापन और नापतौल की गड़बड़ियों से बचने के उपाय बताए।

## भाईचारे के साथ मनाया होली मिलन

**गुना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा जिला गुना द्वारा रविवार को पुराना बस स्टैंड स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर पारंपरिक उत्साह के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाया और होली के पावन पर्व की अग्रिम बधाई दी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना और आपसी प्रेम व भाईचारे के भाव को बढ़ावा देना रहा। समारोह में उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। समारोह में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शिखा मिश्रा और जिला प्रभारी सरला चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## परीक्षा में 8 छात्रों का चयन, बिना कोचिंग पाई सफलता

**गुना।** नेशनल मेरिट कम मीन्स परीक्षा में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के 8 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने संस्थान का, बल्कि पूरे बमोरी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों में रुपेश लोधी, रौनक अहिरवार, रितिका शर्मा, आरती भील, लखन बंजारा, अमित धाकड़, अगम अहिरवार एवं वंश शामिल हैं। इस गौरवमयी उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य भगवत प्रसाद ओझा ने चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन छात्र-छात्राओं ने किसी निजी कोचिंग का सहारा लिए बिना, केवल विद्यालयीन स्तर पर मिली तैयारी से यह मुकाम हासिल किया है। इस परीक्षा में चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को शासन की ओर से 12,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह राशि इन मेधावी छात्रों को उनकी आगे की शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी। विद्यार्थियों ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय प्राचार्य और विद्यालय परिवार की प्रेरणा को दिया है।




## वाल्मीकि महापंचायत ने लगाए 30 सकोरे

**गुना।** गर्मियों की दस्तक के साथ ही मूक पशु-पक्षियों के लिए पेयजल का संकट गहराने लगा है। इस समस्या को देखते हुए राष्ट्रवादी संघ और वाल्मीकि महापंचायत ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर सकोरे लगाने का अभियान शुरू किया है। अभियान की शुरूआत स्थानीय स्वतंत्रता पार्क से की गई, जिसका उद्देश्य भीषण गर्मी में प्यासे जीवों को राहत पहुंचाना है।

विगत कई वर्षों की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए राष्ट्रवादी संघ ने इस बार वाल्मीकि महापंचायत के साथ मिलकर यह पुनीत कार्य आरंभ किया है। रविवार को स्वतंत्रता पार्क और लाल परेड क्षेत्र के पेड़ों पर लगभग 30 सकोरे बांधे गए। इन सकोरों में शीतल जल भरकर पक्षियों के पीने की व्यवस्था की गई। संस्थाओं ने यह निर्णय लिया है कि पूरी गर्मी के मौसम में इन सकोरों में नियमित रूप से पानी भरने का कार्य जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि मनुष्य अपनी प्यास बुझाने के लिए जल के साधन जुटा लेता है, लेकिन मूक पक्षी और पशु पूरी तरह प्रकृति और मानवीय सहयोग पर निर्भर होते हैं।

## अभियोजन अधिकारी न्याय प्रक्रिया के सारथी, संवेदनशीलता के साथ निभाएं जिम्मेदारी

**गुना।** अभियोजन अधिकारियों के लिए एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वक्ताओं ने न्याय प्रक्रिया में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका, उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और विधिक संवेदनशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम प्रभारी उपनिदेशक हजारीलाल बैरवा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अभियोजन का मूल उद्देश्य केवल सजा दिलाना नहीं, बल्कि वास्तविक न्याय सुनिश्चित करने में न्यायालय का सहयोग करना है। उन्होंने एक प्रभावी उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार ड्राइवर गाड़ी को सही दिशा में ले जाता है, उसी प्रकार एक प्रॉसिक्यूटर को पूरे ट्रायल को सही दिशा देनी चाहिए। एडीपीओ की भूमिका ट्रायल के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए उन्हें अपने पद की गरिमा के अनुरूप ईमानदारी और पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए। सीजेएम मधुलिका मुले ने वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों और आम नागरिकों को अपराधों के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कई स्कैमर सक्रिय हैं, इसलिए अपराध होने के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि हम पहले ही बचाव के तरीके सीखें और सतर्क रहें। पॉक्सो मामलों की विशेष न्यायाधीश सोनाली शर्मा ने कहा कि बच्चों से संबंधित अपराधों में अभियोजन और न्यायाधीश दोनों का संवेदनशील होना अनिवार्य है। न्यायाधीश राधाकृष्ण मालवीय, शैलजा गुप्ता और मधुलिका मुले सहित जिले के समस्त अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कानूनी ज्ञान के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर ही न्याय की सार्थकता सिद्ध की जा सकती है।

**उपलब्धि** — व्यापार एवं उद्योग महासंघ ने आयोजित किया संवाद एवं समाधान कार्यक्रम

# सिंधिया ने दी 3 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

नवभारत न्यूज

**गुना।** गुना में व्यापार एवं उद्योग महासंघ तथा युवराज क्लब द्वारा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

दूधिया रोशनी में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया रात्रि करीब 9 बजे पहुंचे। आयोजकों ने पूरे स्थल को आकर्षक बैनरों से सजाया था। सिंधिया की आगवानी में जहां जोरदार आतिशबाजी की गई, वहीं दूसरी ओर उनके स्केच वाली टीशर्ट पहने नन्हें बैडमिंटन खिलाड़ियों ने गुलाब भेंट कर उनका स्वागत किया। शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी 5 किलो से लेकर 21 किलो तक के विशाल हार लेकर पहुंचे और मंच पर अपने नेता का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्वागत भाषण में महासंघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के 21 माह के कार्यकाल में 3100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार के मुखिया की तरह क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का ध्यान रखते हैं और दुख-बीमारी में आधी रात को भी मदद के लिए तत्पर रहते हैं। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि गुना में जल्द ही कुछ नया और बड़ा होने वाला है, जिससे शहर की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। भाषण के बाद वे मंच से नीचे आए और व्यक्तिगत रूप से लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने युवराज क्लब के अध्यक्ष विजय सिंह परिहार बैजू, सचिव संजय अग्रवाल और खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन भी खेला। समारोह में युवराज क्लब के सीनियर सदस्य वीरेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुखवीर सिंह ठाकुर, मुरारीलाल शर्मा, डॉ. विष्णु गोयल, सुनील अग्रवाल और धर्मेश विजयवर्गीय को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच पर प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, चांचोड़ा विधायक प्रियंका मीणा, राजेश अग्रवाल, विजय सिंह परिहार बैजू, वीरेंद्र अग्रवाल, डॉ. विष्णु गोयल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल महू और प्रद्युम्न जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया और आभार प्रदर्शन संजय अग्रवाल महू द्वारा किया गया।



### बजरंगगढ़ में सेन समाज महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव

**गुना।** सेन समाज मंदिर बजरंगगढ़ में सेन समाज विकास संगठन जिला शाखा गुना की महिला मंडल द्वारा होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर भक्तिभाव और पारंपरिक उत्साह के साथ रंगों के त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक परंपरा के साथ हुआ, जिसमें सभी महिलाओं ने सर्वप्रथम भगवान राधाकृष्ण को रंग-गुलाल अर्पित किया। इसके पश्चात संत शिरोमणि सेन जी महाराज को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया गया। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पिंकी सेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए समाज में प्रेम, एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।